

# साउथ में धमाल मचाएंगे -संजय दत्त

बॉलीवुड के खलनायक संजय दत्त लंबे वक्त से साउथ फिल्ममेकर्स की भी पहली पसंद बने हुए हैं। खासकर जब भी बात आती है विलेन के रोल की, तो एक्टर को जरूर अप्रोच किया जाता है। अब एक बार फिर वो नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसे कोई और नहीं गोपीचंद मालिनेनी डायरेक्ट कर रहे हैं।

बॉलीवुड के 'खलनायक' संजू बाबा के पास प्रोजेक्ट्स की कोई भी कमी नहीं है। न सिर्फ बॉलीवुड, वो लगातार साउथ फिल्मों पर भी काम कर रहे हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें से दो फ्लॉप हो गई। और तो और 'धुरंधर 2' ने पूरा बॉक्स ऑफिस ही हिला दिया था। अब संजय दत्त की नई फिल्म पर धांसू अपडेट आ गया है। वो सनी देओल को 'जाट' बनाने वाले डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिला चुके हैं। इस वक्त जिस फिल्म में संजय दत्त की एंट्री हुई है, वो नंदमुरी बालकृष्ण और गोपीचंद मालिनेनी की एनबीके है। इस पिक्चर पर फिलहाल काम चल रहा है और अब संजय दत्त भी एक अहम रोल में दिखेंगे।

हाल ही में पता लगा कि नंदमुरी बालकृष्ण इस वक्त एनबीके का शूट कर रहे हैं। जहां कुछ वक्त पहले ही मुंबई में एक बड़ा शेड्यूल पूरा हुआ है। साथ ही अब हैदराबाद में शूटिंग शिफ्ट हो गई है। साथ ही संजय दत्त को फिल्म में लिया गया है, जिनका पिक्चर में अहम रोल होगा और फिलहाल अपने हिस्सों की शूटिंग कर रहे हैं। जो कि हैदराबाद में हो रही है। कब फिल्म को रिलीज किया जाएगा, इसे लेकर भी एक बड़ा अपडेट मिल गया है।

**संजय दत्त की इस साउथ फिल्म में एंट्री**–कहा जा रहा है कि संजय दत्त जल्द ही अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इस फिल्म में काजल अग्रवाल बतौर फीमेल लीड काम कर रही हैं। ऐसी चर्चा है कि फिल्म दिसंबर में रिलीज होगी। हालांकि, शुरू में इसे दशहरा की छुट्टियों के दौरान रिलीज करने का प्लान था। जल्द ही टीम फिल्म की रिलीज डेट का ऑफिशियल ऐलान भी कर देगी। दरअसल इस फिल्म के म्यूजिक कंपोजर हैं और एनबीके को वेंकट सतीश किलारू प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताते चलें कि बालकृष्ण भी जल्द ही फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे। साथ ही इस साल दशहरा से कोरटाला शिवा की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। जिसे 2027 तक रिलीज करना है।

दरअसल संजय दत्त के लिए 'धुरंधर 2' ने काफी कुछ बदला है, पर प्रोजेक्ट्स की कमी एक्टर को कभी भी नहीं रही है। संजय दत्त की इस साल भी कई फिल्में आएंगी, जिनका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। खैर, इस साल जो दो फिल्में फ्लॉप हुई हैं, उसमें प्रभास की द राजा साब शामिल है, जिसमें एक्टर विलेन बने थे। इसके अलावा एक फिल्म 'आखिरी सवाल' भी है, जो आते ही बुरी तरह पिट गई थी।

# बहुत हंसा लिया, अब हैवानियत शुरू...




अक्षय कुमार के बहुत हंसा लिया, अब हैवानियत शुरू पोस्ट ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। जानिए क्यों नहीं छोड़ रहे कॉमेडी और कैसी होगी उनकी नई फिल्म हैवान।

अक्षय कुमार एक्शन के साथ-साथ अपने कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ वक्त से वो ज्यादातर कॉमेडी मूवी में नजर आएं, पर अब वो अपना रोल बदलने जा रहे हैं। भूत बंगला और वेलकम टू द जंगल जैसी मूवी करने के बाद वो हैवान की भूमिका में दिखेंगे। खिलाड़ी कुमार ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी है। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया लिखा, बहुत हंसा लिया, अब हैवानियत शुरू। इस पोस्ट को देखने के बाद फैंस के मन में सवाल है कि क्या वो कॉमेडी फिल्मों से दूरी बनाने जा रहे हैं। तो जवाब नहीं हैं, दरअसल ये पोस्ट उनकी अपकमिंग मूवी का हिंट है। निर्देशक प्रियदर्शन के साथ अक्षय 8वीं फिल्म कर रहे हैं, जिसका नाम हैवान है।

हैवान एक सस्पेंस-एक्शन-क्राइम थ्रिलर है, जिसमें अक्षय अपने अपने करियर के सबसे खतरनाक किरदारों में से एक निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार एक खूंखार विलेन की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि सैफ अली खान फिल्म के हीरो होंगे। दोनों सितारे लंबे समय बाद साथ नजर आएंगे और इस बार उनकी जोड़ी कॉमेडी नहीं, बल्कि जबरदस्त थ्रिल और टकराव लेकर आएगी।

# फौजी का नया पोस्टर जारी



प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म फौजी 3 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने नया पोस्टर जारी कर रिलीज डेट की पुष्टि की। फिल्म का निर्देशन हनु राघवपुड़ी ने किया है। पैन इंडिया स्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म फौजी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पीरियड वॉर ड्रामा 3 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**3 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फौजी**–सीता रामम फेम डायरेक्टर हनु राघवपुड़ी के डायरेक्शन में बन रही फौजी को प्रभास के करियर की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। यह फिल्म आजादी से पहले के दौर की कहानी पर बेस्ड पीरियड वॉर ड्रामा है, जिसमें प्रभास एक सैनिक के किरदार में नजर आएंगे। नया पोस्टर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

**दमदार स्टारकास्ट और बड़े बजट की फिल्म**–फिल्म में प्रभास के साथ कई चर्चित कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ईमानवी, अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, जया प्रदा, राजेश शर्मा समेत कई कलाकार इस मूवी में दिखेंगे। मेकर्स इसे बड़े पैमाने पर तैयार कर रहे हैं और इसकी शूटिंग तेजी से जारी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में देशभक्ति, इमोशन और जबरदस्त एक्शन का शानदार संगम देखने को मिलेगा।

**प्रभास की झोली में कई बड़े प्रोजेक्ट्स**–फौजी के अलावा प्रभास के पास स्पिरिट, कल्कि 2898 एडी पार्ट 2 और सलार पार्ट 2 जैसी बड़ी फिल्में भी हैं। ऐसे में आने वाले दो साल प्रभास के फैंस के लिए काफी खास रहने वाले हैं।

# हद में रहो, पैप्स पर भड़कीं जरीन खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीना खान अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें में पैपराजी पर भड़कती नजर आ रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि पैपराजी के साथ हुई बातचीत है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पैपराजी की एक टिप्पणी सुनकर जरीन खान नाराज हो जाती हैं। एक्ट्रेस ने वहीं पर उन्हें साफ शब्दों में समझाते हुए कहा कि ऐसी फालतू बातें मत किया करो। उनके इस जवाब के बाद यह वीडियो इंटरनेट पर खूब शेयर किया जा रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स भी अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। कई लोगों ने जरीन खान के जवाब का समर्थन किया है। चलिए बताते हैं कि आखिर पैपराजी ने क्या कहा जिस पर जरीना इतना गुस्सा हो गई हैं। दरअसल, जरीन खान हाल ही में एक स्टोर लॉन्च इवेंट में पहुंचीं, जहां पैपराजी के साथ उनकी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में एक पैपराजी की टिप्पणी से जरीन नाराज हो जाती हैं और उन्हें साफ शब्दों में अपनी सीमा में रहने की सलाह देती हैं। वीडियो में जरीन खान एक ड्रेस हाथ में लेकर कैमरे के सामने पोज दे रही थीं। इसी दौरान एक पैपराजी ने उनसे वह ड्रेस पहनकर दिखाने के लिए कहा। इस पर जरीन ने पहले मुस्कुराते हुए जवाब दिया, तुम लोगों के सामने वो नहीं हो रहा। लेकिन जब बात आगे बढ़ी तो वह नाराज हो गईं।



## टॉक्सिक पर उठे सवाल

# हुमा ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- सब्र रखिए

यश की नई फिल्म अब कई लोगों को टॉक्सिक लगने लगी है। इसके नए टीजर में दिखी इंटीमेसी ने सबको निराश किया है। मगर हुमा कुरैशी जो इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं, उनका मानना है कि लोगों ने अभी तक टॉक्सिक फिल्म नहीं देखी है। ऐसे में इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

केजीएफ वाले यश इस समय सोशल मीडिया पर अपनी नई फिल्म टॉक्सिक के चलते सुर्खियों में हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने इसका टीजर जारी किया था, जिसमें हमें पहली बार फिल्म की लीड एक्ट्रेसेस दिखाई गईं। हालांकि इसमें कई सारे इंटीमेट सीन्स भी थे, जिसकी वजह से लोगों के अंदर फिल्म को लेकर एक शक पैदा हुआ।

ऑडियंस को यश की फिल्म अब टॉक्सिक लगने लगी है। उनका मानना है कि जिस तरह से इसमें सेक्शुअल सीन्स दिखाए गए हैं, उससे इसे देखना बहुत भारी होने वाला है। टॉक्सिक को लेकर थियोरी है कि सेंसर बोर्ड इसे आसानी से पास नहीं करेगा, फिल्म में कई सारे सीन्स काटे जाएंगे। अब इन सबके बीच फिल्म की लीड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने यश स्टारर टॉक्सिक पर बात की है। हुमा कुरैशी ने द लल्लनटॉप में टॉक्सिक को लेकर हो रही चर्चाओं पर रिएक्ट किया। काफी वक्त से फिल्म की हीरोइनों को छिपाया गया था, बस यश के सीन्स ही दिखाए गए थे। ऐसे में मेकर्स ने ऐसा क्यों किया, इसकी वजह हुमा ने बताई। एक्ट्रेस ने साफ कहा कि अभी हमने टॉक्सिक फिल्म से जुड़ा कुछ भी ढंग से नहीं देखा है।

हुमा का कहना है- टॉक्सिक में जितनी लीड एक्ट्रेस हैं, सभी ने बेहद अच्छा काम किया है। मैं ये सभी के बारे में कह रही हूं। गीतू मोहनदास, अगर आप इनके काम को जानते हैं, तो आपको पता होगा कि वो कितनी बेहतरीन फिल्ममेकर हैं। नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी हैं और इंटरनेशनल लेवल पर भी उनके काम को पहचाना गया है। जब वो मेरे पास टॉक्सिक लेकर आईं, तो मैं इस आइडिया से एक्साइटेड हुई कि एक फीमेल डायरेक्टर किस किस्म की फिल्म बनाएगी।

आमतौर पर एक हीरो किसी फीमेल डायरेक्टर की बात नहीं सुनता है। लेकिन गीतू मोहनदास इतनी बड़ी फिल्म बना रहीं हैं, यश जैसे सुपरस्टार इसमें काम कर रहे हैं, मुझे ऐसा लगता है कि ये फिल्म लोगों को हिलाकर रख देगी। साथ ही अगर इतनी बड़ी एक्ट्रेसेस इसमें काम कर रही हैं, तो कुछ तो फिल्म में होगा ना? थोड़ा सब्र रखिए, आपको सबकुछ दिख जाएगा। बता दें कि फिल्म टॉक्सिक में यश और हुमा के अलावा तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, नयनतारा, और रुकमिणी वसंत जैसी एक्ट्रेसेस शामिल हैं।



# काम से पहले मेरा वजन देखते हैं...अंजलि आनंद

अंजलि आनंद ने इबातचीत में बॉडी शेमिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर बात की। उन्होंने बताया कि कई बार उनके काम से पहले उनका वजन देखा जाता था। हालांकि अब वो अपने टैलेंट से सबको गलत साबित करने में लगी हुई हैं। बॉलीवुड में हम पिछले काफी समय से कुछ ऐसी हीरोइन्स को देख रहे हैं, जो एक परफेक्ट फिगर को रीप्रेजेंट करती हैं। लेकिन अंजलि आनंद इंडस्ट्री में अब एक ऐसी एक्ट्रेस बनकर सामने आ रही हैं, जिन्होंने बता दिया है कि अगर टैलेंट हो तो बॉडी से फर्क नहीं पड़ता है। अंजलि आनंद इस समय बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रही हैं। साल 2023 में करण जौहर की रॉकी रानी की प्रेम कहानी से लेकर अब मल्टी स्टारर फिल्म धमाल 4 में उनका मेन रोल है। हाल ही में अपनी जर्नी पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनका बढ़ा हुआ वजन कई बार उनके काम के आड़े आया। लेकिन अंजलि ने कभी हिम्मत नहीं हारी, बल्कि वो लोगों को गलत साबित करने में लगी रहीं।

अंजलि ने अपनी आने वाली फिल्म धमाल 4 को मिले प्यार पर कहा कि मैं इस वक्त बहुत खुश और इमोशनल हूं। बस यही उम्मीद है कि लोगों को फिल्म पसंद आए और सब कुछ अच्छा हो। मुझे इस फिल्म के बाद और भी अच्छे रोल मिलें। मेरे बारे में जो भी बातें हो रही हैं, मैं चाहती हूं कि आखिर में वही मेरे लिए अच्छी साबित हों। जब अंजलि आनंद से पूछा गया कि आज भी फीमेल आर्टिस्ट्स के काम से ज्यादा उनके वजन की चर्चा होती है, तो क्या ये निराशाजनक है इस पर उन्होंने कहा, हां, ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि समाज अभी भी ऐसा ही सोचता है। लोग आज भी मेरे काम से पहले मेरा वजन देखते हैं। जब तक ऐसा होता रहेगा, मैं काम करती रहूंगी ताकि लोगों को साबित कर सकूं कि उनकी सोच गलत है।

अंजलि का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अब भी ऐसी औरतों के लिए अच्छे किरदार कम लिखे जाते हैं, जो टिपिकल हीरोइन जैसी नहीं दिखतीं। उन्होंने कहा, औरतों के लिए बेहतर किरदार लिखने में अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। मैं भी यही कोशिश कर रही हूं। जितने ज्यादा लोग मुझे देखेंगे, उनकी सोच उतनी बदलेगी। तब राइटर्स और फिल्ममेकर्स ये समझेंगे कि इस कलाकार की काबिलियत के हिसाब से किरदार लिखा जा सकता है, सिर्फ उसके शरीर को देखकर नहीं।

**क्यों धमाल 4 को लेकर असमंजस में थीं अंजलि**–फिल्म धमाल 4 साइन करने को लेकर अंजलि ने बताया कि उनके मन में शुरुआत में काफी मुश्किलें थी, क्योंकि फिल्म एक ऐसे मुद्दे पर बात करती है जिसके खिलाफ वो हमेशा आवाज उठाती रही हैं।

उन्होंने कहा, ये मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी थी। मैं हमेशा ऐसी चीजों के खिलाफ रही हूं जो समाज में गलत हैं। लेकिन फिर मैंने सोचा कि अगर समाज में ये सब हो रहा है, तो फिल्म सिर्फ लोगों को उनकी सच्चाई दिखा रही है। अगर किसी को इससे बुरा लगता है, तो शायद वो खुद भी ऐसा करता है। अंजलि ने आगे कहा, लोग किसी को मोटा होने पर, किसी को बहुत दुबला होने पर, किसी के रंग पर, किसी के गंजेपन पर, उसके लुक, कपड़ों या ब्रांड तक को लेकर शर्मिंदा करते हैं। शायद ये सब कभी पूरी तरह बंद ना हो, लेकिन हम इन मुद्दों को अलग तरीके से लोगों के सामने रख सकते हैं ताकि उनकी सोच बदले।

**फिल्मों में फीमेल एक्टर्स के किरदारों पर बोलीं अंजलि**–अंजलि आनंद ने मेनस्ट्रीम सिनेमा में औरतों के किरदार को लेकर कहा कि पहले मिस मिमी जैसे किरदारों को सिर्फ बर्गर खाते हुए दिखाया जाता था। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से पहले स्वीटू जैसे किरदारों को सिर्फ डबल चॉकलेट फ्रैपुचीनो और मफिन खाने वाली लड़की बनाकर दिखाया जाता था।

उनकी साइड कोई खड़ा नहीं होता था। लेकिन स्वीटू के बाद बदलाव शुरू हुआ। फिर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में गायत्री जैसा किरदार आया, जिसने अपने लिए आवाज उठाई। आज फिल्मों में महिलाओं को अपनी बात रखने की जगह मिल रही है और वो उस जगह का पूरा इस्तेमाल भी कर रही हैं। बदलाव धीरे-धीरे हो रहा है, लेकिन एक दिन ये हर जगह जरूर पहुंचेगा।

**धमाल 4 के प्रमोशन में झेली ट्रोलिंग**–अंजलि ने आगे धमाल 4 के दौरान हुई ट्रोलिंग पर भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा कि हमें पता था कि ट्रोलिंग होगी, इसलिए हमने इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया। जितना ज्यादा आप ट्रोल्स पर ध्यान देंगे, वो उतने ही बढ़ेंगे। अगर उन्हें नजरअंदाज करें, तो यही जिंदगी है। कुछ लोग ट्रोल होते हैं, कुछ उसे संभाल लेते हैं और कुछ नहीं। हम तो सिर्फ ऐसे लोगों की सच्चाई दिखा रहे हैं, जो रोज ये सब झेलते हैं। जब उनसे पूछा गया कि ट्रोलिंग के बाद क्या धमाल 4 की टीम, अजय देवगन या फिल्म के डायरेक्टर ने उनका हालचाल पूछा, तो अंजलि हंसते हुए बोलीं- शायद उन्हें लगता है कि मैं ऐसी इंसान नहीं हूं जिसे इससे निपटने के लिए अलग से समझाने या संभालने की जरूरत पड़े। उन्हें पता है कि मैं सौ चोटें भी झेल लूं, फिर भी मजबूती से खड़ी रहूंगी। बात करें फिल्म धमाल 4 की, तो इसमें अंजलि रितेश देशमुख के किरदार की पत्नी बनी हैं। वहीं अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजीदा शेख, संजय मिश्रा, उपेंद्र लिमये और रवि किशन जैसे एक्टर्स भी फिल्म में मौजूद हैं। ये फिल्म 10 जुलाई को थिएटर्स में लगेगी जिसे इंदर कुमार ने डायरेक्ट किया है।